पंजाब केसरी 21/04/2024

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उपस्थित छात्र व स्टाफ सदस्य। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कालेज में चुनाव पर हुई नारा लेखन प्रतियोगिता

अम्बाला, 20 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज, अंबाला छावनी में भारत सरकार के मार्गदर्शन के तहत चुनाव पर नारा लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को लोकतंत्र के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका डा. सीमा कंसल ने बताया कि चुनाव पर नारा लेखन का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है, जोकि छात्रों को लोकतंत्र के महत्व को समझने और उन्हें राजनीतिक प्रक्रिया में भागीदारी की भावना विकसित करने में निश्चित तौर पर मदद करेगा।

कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को चुनावी माहौल में विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान किया गया है, जिससे उन्हें देश के भविष्य में भागीदार बनने की प्रेरणा भी मिलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे।